राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

# हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)





**22 अगस्त 2020: शनिवार: अंक – 17**

## एक दोस्त की ज़रूरत है

**आज की कहानी**

जब अकेलापन महसूस होता है, तो किसकी याद आती है? एक अच्छे दोस्त की! पर कभी-कभी एक अच्छे दोस्त को खोजने में समय लगता है। सच्ची दोस्ती की मीठी-सी कहानी सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

3 – 10 वर्ष के बच्चों के लिए | प्रथम-पराग




## द्रुवी की छतरी

**आज की कहानी**

"ड्रैगन फ्लाई घुमंतू स्वभाव के होते हैं। नन्ही-सी द्रुवी भी एक ड्रैगन फ्लाई है। बारिश से बचने के लिए उसे सबसे बढ़िया पत्ते की एक छतरी चाहिए। छतरी की खोज में वह जंगल में भटकती है। क्या द्रुवी को उसकी छतरी मिली? कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर




## ऊँट के अंडे

**आज की किताब**

गप्प लड़ाना गप्पी चाचा को बहुत पसंद है। कभी-कभी तो वह बहुत कमाल करते थे। बच्चे उन्हें घेर लेते और आश्चर्य से उनकी अनहोनी कहानी को सुनते थे। इस मज़ेदार कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड




## पेंसिल बॉक्स पेरिस्कोप

**आज की गतिविधि**

यह एक सरल पेरिस्कोप बनाने का एक बहुत ही आसान तरीका है। इसे बनाने के बाद आप टेबल के नीचे बैठे-बैठे टेबल पर रखी वस्तुओं को अपने पेरिस्कोप की मदद से देख सकते हैं। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए इसके चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



## अच्छे शिक्षक और ज्ञानार्जन

**टीचर्स कॉर्नर**

हमें अक्सर कक्षा में और मंथर गति से चलते जीवन में अच्छे शिक्षक मिल जाते हैं। एक अच्छे शिक्षक के माध्यम से अच्छी शिक्षा संभव हो पाती है, जो निरंतर अवलोकन और अपने-भीतर बाहर के संसार को सुनना ज़िंदा रखती है। इस आलेख को पढ़ने के लिए पत्रिका के चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए | लर्निंग कर्व




#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

**सूचना** – हवामहल के माध्यम से कहानियों के प्रसारण हेतु शिक्षक साथी अपनी पसंदीदा कहानियों का ऑडियो, किताब एवं लेखक के विवरण सहित हमसे hawamahal.rscert@gmail.com पर साझा करें। ऑडियो की अवधि 5 मिनिट से अधिक न हो एवं गुणवत्ता अच्छी हो।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

www.rajteachers.com